# रेलटेल प्रगति

अंक 8












रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
ऑफिस ब्लॉक टॉवर 2, छठा तल, प्लेट-ए, एनबीसीसी बिल्डिंग, पूर्वी किदवई नगर, नई दिल्ली - 110023
वेबसाइट : www.railtelindia.com

# संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उपसमिति का निरीक्षण






दिनांक 28.02.2023 को संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उपसमिति द्वारा रेलटेल जयपुर टेरिटरी का जोधपुर में निरीक्षण किया गया।

दिनांक 10.05.2023 को संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उपसमिति द्वारा रेलटेल पटना टेरिटरी का निरीक्षण किया गया।







दिनांक 23.06.2023 को संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उपसमिति द्वारा रेलटेल लखनऊ टेरिटरी का निरीक्षण किया गया।





दिनांक 13.07.2023 को संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उपसमिति द्वारा रेलटेल बेंगलुरु टेरिटरी का निरीक्षण किया गया।

# रेलटेल प्रगति

## आठवां अंक

संरक्षक
**श्री संजय कुमार**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

प्रधान संपादक
**श्रीमती रुचिरा चटर्जी**
समूह महाप्रबंधक
(प्रशासन, कॉर्पोरेट समन्वय एवं सुरक्षा)

उप संपादक
**पुष्पेंद्र सिंह**
संयुक्त महाप्रबंधक/संचालन

**विजय कुमार सक्सेना**
वरिष्ठ प्रबंधक/राजभाषा

सहयोग
**श्री चंद्र प्रकाश शर्मा**
सलाहकार/राजभाषा

**रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड**
भारत सरकार (रेल मंत्रालय) का उपक्रम
ऑफिस ब्लॉक टॉवर-2, छठा तल, प्लेट-ए, एनबीसीसी बिल्डिंग, पूर्वी किदवई नगर, नई दिल्ली-110023
दूरभाष: 011-22900600 फैक्स: 011-22900699
www.railtelindia.com

**मुख्य पृष्ठ चित्र**

- #ExpressAdda पर बातचीत में, माननीय रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, श्री अश्विनी वैष्णव ने एक अर्थव्यवस्था में रेलवे के महत्व के बारे में बात की और बताया कि कैसे भारतीय रेलवे विकास को बढ़ावा देने के लिए उन्नयन और आधुनिकीकरण के तेजी से पथ पर है। कार्यक्रम उपस्थित रेलटेल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा अन्य अधिकारीगण।
- तिरुवनंतपुरम में कार्यक्रम की झलकियाँ जहाँ विभिन्न विकास कार्यों का माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुभारंभ किया गया।
- रेलटेल, कॉर्पोरेट कार्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन।

# विषय सूची

| | | |
|---|---|---|
| 1. | संरक्षक की कलम से... | 3 |
| 2. | प्रधान संपादक की कलम से... | 4 |
| 3. | रेलटेल पश्चिमी क्षेत्र की व्यावसायिक/अन्य गतिविधियां | 5-8 |
| 4. | संघ की राजभाषा नीति | 9-12 |
| 5. | रेलटेल दक्षिणी क्षेत्र की विशेष उपलब्धियाँ | 13-20 |
| 6. | कॉर्पोरेट कार्यालय में प्रशासन विभाग की गतिविधियां | 21-27 |
| 7. | रेलटेल कॉर्पोरेट कार्यालय की राजभाषा गतिविधियां | 28-30 |
| 8. | ग़ज़ल | 31 |
| 9. | माँ का घर | 31 |
| 10. | रेलटेल, उत्तरी क्षेत्र की गतिविधियां | 32-34 |
| 11. | रेलटेल की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहल | 35-36 |
| 12. | कैन-सहयोगी - संजीवनी – देखभाल से परे जीवन | 37-38 |
| 13. | बिखरी हुई सी प्रकृति | 39 |
| 14. | लेख | 40-44 |
| 15. | रेलटेल/पूर्वी क्षेत्र में आयोजित प्रमुख गतिविधियां | 45-51 |
| 16. | बढ़ता प्रदूषण | 52-53 |

(नोट- पत्रिका में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं, सरकार अथवा रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है)

# मिशन

किफायती लागत के साथ अत्याधुनिक संचार समाधानों द्वारा प्रमुख टेलीकॉम अवसंरचना सेवाओं के क्षेत्र में अग्रणी बनना।

# विजन

हमारा लक्ष्य ज्ञान अर्थव्यवस्था के लिए पसंदीदा टेलीकॉम समाधान और सेवा प्रदाता बनना।

# रेलटेल के बारे में

रेलटेल, रेल मंत्रालय के तहत एक "मिनी रत्न (श्रेणी-I)" केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम, भारत का सबसे बड़े तटस्थ दूरसंचार बुनियादी ढांचा प्रदाताओं में से एक है, जिसमें रेलवे पटरियों के साथ 61000 + रूट किलोमीटर ऑप्टिकल फाइबर का विस्तृत नेटवर्क, 21000 किलोमीटर का एक शहरव्यापी एक्सेस नेटवर्क, 1100 से अधिक टावर, दो अपटाइम यूएसए प्रमाणित टियर III डॉटा सेंटर, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रोद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) सूचीबद्ध क्लाउड सेवाएं, रेल क्लाउड, एक कटिंग-एज सुरक्षा संचालन केंद्र, नेटवर्क ऑपरेशन सेंटर और 1,000 से अधिक कर्मचारियों का कार्यबल है। रेलटेल की उपलब्धियों में सबसे बड़े एकीकृत वाईफाई नेटवर्क की स्थापना, देश भर के 6108 रेलवे स्टेशनों पर सार्वजनिक वाई-फाई की सुविधा प्रदान करना, कश्मीर को कन्याकुमारी से जोड़ना शामिल है। रेलटेल सेवाओं की विस्तृत श्रृंखला में एमपीएलएस वीपीएन, टेलीप्रेजेंस, लीज्ड लाइनें, टॉवर को-लोकेशन, डॉटा सेंटर सेवाएं, आईटी और आईसीटी परियोजनाओं का निष्पादन शामिल है। इसके अलावा रेलटेल ने रेलवे से बाहर जैसे कोयला, रक्षा, बैंकिंग, स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य विभिन्न क्षेत्रों में अपने परिचालन का विस्तार किया है। भारत सरकार के सहयोग से रेलटेल डिजिटलीकरण के लक्ष्य को पूरा करने के साथ दूरसंचार क्षेत्र में कई मिशन मोड परियोजनाओं को भी क्रियान्वित कर रहा है।


हिंदी से सारे भारत का एक सूत्र में पिरोया जा सकता है।

**संजय कुमार**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

**Sanjai Kumar**
Chairman & Managing Director

वसुधैव कुटुम्बकम
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

रेलटेल
RAILTEL
*A Mini Ratna Enterprise*



# संरक्षक की कलम से...

यह बहुत हर्ष का विषय है कि रेलटेल की राजभाषा पत्रिका 'रेलटेल प्रगति' का नियमित रूप से प्रकाशन किया जा रहा है। यह पत्रिका का 8वां अंक है।

रेलटेल ने पहली बार वित्तीय वर्ष 2022-23 में रू. 255 करोड़ (कर पूर्व) का लाभ अर्जित किया है एवं 30 जून-2023 तक रू. 4500+ करोड़ के ऑर्डर प्राप्त किए हैं। जहां रेलटेल व्यावसायिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के साथ-साथ भारत सरकार की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन में भी अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रतिबद्ध है। रेलटेल ने राजभाषा के प्रयोग-प्रसार को बढ़ाने के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, परिणामस्वरूप राजभाषा प्रगति के पथ पर अग्रसर हो रही है।

माननीय संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप समिति ने दिनांक 28.02.2023 को रेलटेल टेरिटरी जयपुर, दिनांक 10.05.2023 को रेलटेल पटना कार्यालय एवं दिनांक 24.06.2023 को रेलटेल टेरिटरी लखनऊ का राजभाषायी निरीक्षण किया। माननीय समिति के सदस्यों ने रेलटेल में हिंदी में किए जा रहे कार्यों की सराहना एवं प्रशंसा की।

रेलटेल प्रगति के 8वें अंक में कॉर्पोरेट कार्यालय, क्षेत्रीय कार्यालयों एवं टेरिटरियों में आयोजित राजभाषा गतिविधियां, व्यावसायिक कार्यकलापों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लेख, कविताएं आदि को प्रकाशित किया गया है।

मैं इस अवसर पर रेलटेल परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं तथा आशा करता हूं कि भारत सरकार द्वारा राजभाषा नीति के संबंध में दिए गए आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

जय हिंद ।

**(संजय कुमार)**

गर्व है हमें हिंदी पर, शान हमारी हिंदी है, कहते-सुनते हिंदी हम, पहचान हमारी हिंदी है।

**रुचिरा चटर्जी**

मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं
समूह महाप्रबंधक
(प्रशासन, कॉर्पोरेट समन्वय एवं सुरक्षा)

**Ruchira Chatterjee**

Mukhya Rajbhasha Officer & Group General Manager
(Admin, Corporate Coordination & Security)



# प्रधान संपादक की कलम से...

रेलटेल में राजभाषा के प्रयोग-प्रसार प्रगति की निरंतरता में 'रेलटेल प्रगति' का 8वां अंक आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुए मुझे हार्दिक प्रसन्नता हो रही है।

जैसा विदित है कि किसी भी देश और समाज की प्रगति में उस देश की भाषा का विशिष्ट योगदान होता है। पत्रिका किसी भी कार्यालय की गतिविधियों का आइना होती है। भारत सरकार की राजभाषा नीति के अनुसार हिंदी में कार्य करना हम सभी का दायित्व है। रेलटेल में राजभाषा कार्यान्वयन की दिशा में किए गए सतत प्रयासों की विभिन्न स्तरों में सराहना की गई है।

रेलटेल उत्तरी क्षेत्र दिल्ली के जयपुर, लखनऊ टेरिटरी एवं रेलटेल पूर्वी क्षेत्र कोलकाता के पटना टेरिटरी का माननीय संसदीय राजभाषा समिति द्वारा राजभाषा के प्रयोग-प्रसार एवं कार्यान्वयन का निरीक्षण किया गया। समिति के माननीय सदस्यों द्वारा निरीक्षित कार्यालयों में हिंदी में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की है।

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति उपक्रम-1 दिल्ली द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा प्रकाशित हिंदी पत्रिकाओं को दिए जाने वाले श्रेष्ठ पत्रिका पुरस्कार के लिए रेलटेल की राजभाषा पत्रिका "रेलटेल प्रगति" को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति उपक्रम-1 दिल्ली के तत्वावधान में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए रेलटेल द्वारा हिंदी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम,द्वितीय, तृतीय एवं दो प्रेरणा पुरस्कार प्रदान किए गए।

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय एवं रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों एवं हिंदी कार्यशालाओं का लक्ष्यानुसार आयोजन किया गया। रेलटेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा रेलटेल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राजभाषा में कार्य करने के लिए शपथ दिलाई गई ।

रेलटेल प्रगति में प्रकाशित राजभाषा, व्यावसायिक गतिविधियां एवं उपलब्धियां, लेख, कविताएं आदि को समाहित किया गया है आशा है यह अंक आपको पंसद आएगा।

रेलटेल प्रगति पत्रिका को और रूचिकर बनाने के लिए आपके सुझाव सादर आमंत्रित हैं।

रुचिरा चटर्जी

**(रुचिरा चटर्जी)**

# रेलटेल पश्चिमी क्षेत्र की व्यावसायिक/अन्य गतिविधियां

## व्यावसायिक आदेश

भारतीय स्टेट बैंक: डीसी रबाले में 1 जीबीपीएस-3 जीबीपीएस से एमपीएलएस-वीपीएन बीडब्ल्यू के उन्नयन के लिए भारतीय स्टेट बैंक से 11.82 करोड़ रुपए का खरीद आदेश (पीओ), डीसी माधापुर में 1 जीबीपीएस -2 जीबीपीएस और डीसी गाचीबोवली में 400 एमबीपीएस -3 जीबीपीएस और 4 साल की अवधि के लिए पश्चिमी क्षेत्र में 6 स्थानों पर एमपीएलएस-वीपीएन का प्रावधान है।

भारतीय स्टेट बैंक: पैन इंडिया स्थानों के लिए 15000 एसबीआई एटीएम पर 5 साल की अवधि के लिए एमपीएलएस-वीपीएन के प्रावधान के लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से 299 करोड़ रुपए का क्रय आदेश (पीओ) और पश्चिमी क्षेत्र में 4 एसबीआई शाखाओं में 4 एमबीपीएस प्रत्येक एमपीएलएस-वीपीएन सेवाओं के उन्नयन और प्रावधान के लिए 26 लाख रुपए का क्रय आदेश।

मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक विकास निगम लिमिटेड: 5 वर्ष की अवधि के लिए 156 स्थानों पर मध्यप्रदेश सरकार के कार्यालयों में क्षैतिज कनेक्टिविटी सेवाओं के प्रावधान के लिए एमपीएसईडीसी से 43.01 करोड़ रुपए का खरीद आदेश (पीओ) और एसडीसी के विस्तार और 5 साल की अवधि के लिए आपदा रिकवरी (डीआर) केंद्र की स्थापना के लिए सिस्टम इंटीग्रेटर।

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड: आईओसीएल, महाराष्ट्र राज्य कार्यालय में आईपी-आधारित सीसीटीवी निगरानी प्रणाली की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग के लिए आईओसीएल से 6 साल की अवधि के लिए 21.46 करोड़ रुपए का क्रय आदेश (पीओ) |

## महत्वपूर्ण बिंदुः

मिडघाट और चोका स्टेशनों पर टावरों की स्थापना और रिलायंस – जिओ द्वारा इन टावरों के माध्यम से मोबाइल सेवाओं का शुभारंभ:- भोपाल मंडल के इटारसी-भोपाल खंड में, बरखेड़ा -बुधनी उपखण्ड के बीच किसी भी मोबाइल ऑपरेटर का कोई मोबाइल कवरेज (डार्क जोन) नहीं था। इस घाट खंड में डार्क जोन होने के कारण रेलवे टीम को दिन-प्रतिदिन के संचालन और रखरखाव में भी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। पहाड़ी भूभाग है जो रातापानी अभयारण्य का हिस्सा है, जिसमें कोई संपर्क मार्ग नहीं है, गहरा जंगल है और बाघ, भालू, तेंदुए आदि जंगली जीवों से भरा है। 40-40 मीटर के दो टावर लगाए गए, एक मिडघाट में और दूसरा चोका स्टेशनों पर। इन स्टेशनों पर दो नए पीओपी बनाए गए थे और इन टावरों की को-लोकेशन लेने के लिए रिलायंस - जिओ से संपर्क किया गया था। रिलायंस - जिओ ने दिनांक 21.02.2023 को इन दो टावरों से मोबाइल सेवाएं स्थापित और चालू की है।

## पश्चिमी क्षेत्र में गणतंत्र दिवस का आयोजन





## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस







नवल हर्षमय नवल वर्ष यह,
कल की चिन्ता भूलो क्षण भर,
लाला के रँग की हाला भर
प्याला मदिर धरो अधरों पर !
– सुमित्रानंदन पंत

## अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा निरीक्षण



अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा कोपर पीओपी का निरीक्षण



अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा कटनी जबलपुर पीओपी का निरीक्षण

## कार्यकारी निदेशक / पश्चिमी क्षेत्र द्वारा निरीक्षण




कार्यकारी निदेशक / पश्चिमी क्षेत्र द्वारा नागपुर–वर्धा पीओपी का निरीक्षण

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस



पश्चिमी क्षेत्र द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन



# मैं और मेरी चाय

उगता है जब सूरज नभ से,
मिलता है जब प्याला लब से,
कलामों की बरातें करते हैं!
मैं और मेरी चाय,
अक्सर ही करामातें करतें है!
कभी रूहानी कभी रूमानी,
एहसासों की बरसातें करते हैं!
मैं और मेरी चाय,रोज़ ही जमातें करते हैं!

होती है जब सांझ की बेला,
मिलता है जब समय अकेला!
मैं और मेरी चाय,
मिलकर अक्सर दावतें करते हैं,
बिसरी यादों से मुलाकातें करते हैं,
अल्फाजों भरी खुराफातें करते हैं!
मैं और मेरी चाय,रोज़ ही बातें करते हैं!

खाई पाटने वाली इबादतें करते हैं!
मुस्करहाटों भरी शरारतें करते हैं!
मैं और मेरी चाय,
जज़्बातों से वकालतें करतें है!
दर्मियाँ फासलों से शिकायतें करते हैं,
अकेलेपन की मातेँ करते हैं!

मैं और मेरी चाय,रोज़ ही जमातें करते हैं!
मिलके कभी कभी काली रातें करते हैं,
अनकही अनसुनी बातें करते हैं!
मैं और मेरी चाय,
यहां की वहां की, सारे जहां की
बातें करते हैं,
हसरतों अधूरे ख्वाबों की सौगातें करते हैं,
जाने कैसी कैसी खुराफातें करतें हैं!
मैं और मेरी चाय, रोज़ ही बातें करते हैं!

लगता है जब एहसासों का मेला,
दूर होता तनिक सफर का झमेला!
मैं और मेरी चाय,
अरमानों से सवालतें करतें है!
दर्मियाँ फासलों से शिकायतें करते हैं!
कभी कभी अश्कों की बरसातेँ करते हैं!
मैं और मेरी चाय.....
छुप छुपकर मुलाकातें करते हैं!
हसीं शरारतें करते हैं!
ख्यालों की बारातें करतें हैं,
नज्मों की सौगातें करते हैं!
मैं और मेरी चाय.....
मैं और मेरी चाय.....
मैं और मेरी चाय.....

**मनोज टन्डन**
निदेशक, परियोजना, संचालन एवं अनुरक्षण

# संघ की राजभाषा नीति

## पृष्ठभूमि

भारत की संविधान सभा ने 14 सितंबर, 1949 को हिंदी को स्वाधीन भारत की राजभाषा के रूप में अंगीकार किया था ।

राजभाषा के स्वरूप को व्याख्यायित करने के लिए भारत सरकार द्वारा एक राजभाषा नीति निरूपित की गई, जिसके अंतर्गत संवैधानिक (Constitutional) एवं सांविधिक (statutory) प्रावधान किए गए।

## संविधान भारतीय संविधान में राजभाषा

संविधान सभा ने लंबी चर्चा के बाद 14 सितंबर, 1949 को हिंदी को भारत की राजभाषा स्वीकार किया। इसके बाद संविधान में अनुच्छेद 343 से 351 तक राजभाषा के संबंध में व्यवस्था की गई। संघ की राजभाषा नीति द्विभाषिकता की है अर्थात इसमें संघ के सरकारी कामकाज के लिए हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं के प्रयोग का प्रावधान है।

- राजभाषा नीति के मुख्य आयाम
- भारत का संविधान
- राजभाषा अधिनियम 1963, यथासंशोधित 1967
- राजभाषा संकल्प 1968
- राजभाषा नियम 1976 यथासंशोधित 1987
- राजभाषा विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किए गए आदेश, अनुदेश आदि
- भारतीय संविधान का भाग-5

**संविधान के भाग- 5**

अनुच्छेद-120 के अनुसार संसद में कार्य हिंदी या अंग्रेज़ी में किया जाएगा। लेकिन यदि कोई सांसद हिंदी या अंग्रेज़ी में अपने विचार व्यक्त करने में सक्षम नहीं होने पर उनके अनुरोध पर राज्य सभा के सभापति तथा लोक सभा के अध्यक्ष या तत् पदभार संभालने वाले व्यक्ति द्वारा उन्हें अपनी मातृभाषा में बात करने की अनुमति दी जा सकती है।

**संविधान का भाग-6**

अनुच्छेद- 210 के अनुसार राज्य के विधान परिषद और विधान सभा में कार्य राज्य की राजभाषा/राजभाषाओं में या हिंदी / अंग्रेजी में किया जाएगा।

**संविधान का भाग-17**

अनुच्छेद 343 से 351 में संघ की राजभाषा हिंदी, 8वीं अनुसूची में विनिर्देश अन्य भाषाओं, किसी राज्य के विधान मंडल द्वारा राजभाषा के रूप में स्वीकृत अन्य कोई स्थानीय भाषा और अंग्रेजी का यथावश्यक प्रयोग तथा हिंदी को समृद्ध किए जाने संबंधी प्रावधान हैं।

संविधान की आठवीं अनुसूची की भाषाएं

| | |
|---|---|
| हिंदी | पंजाबी |
| बांग्ला | संथाली |
| बोड़ो | असमिया |
| तेलुगू | मराठी |
| मैथिली | डोगरी |

| | |
|---|---|
| उड़िया | तमिल |
| मलयालम | कोंकणी |
| उर्दू | गुजराती |
| संस्कृत | नेपाली |
| कन्नड़ | कश्मीरी |
| सिंधी | मणिपुरी |

भारत की 14 भाषाएं 1950 में संविधान में शामिल की गई। सिंधी को 1967 में संविधान में शामिल किया गया। मणिपुरी, नेपाली, कोंकणी को 1992 में शामिल किया गया। मैथिली, संथाली, बोडो और डोगरी को 2003 में शामिल किया गया।

संविधान के 17 वें भाग में राजभाषा संबंधी उपबंध दिए गए हैं, जिनमें अनुच्छेद 343 से 351 तक 9 अनुच्छेद राजभाषा से संबंधित हैं. अनुच्छेद 343(1) संविधान की धारा 343 (1) के अनुसार:

- भारतीय संघ की राजभाषा हिंदी एवं लिपि देवनागरी है। संघ के राजकीय प्रयोजनों के लिए प्रयुक्त अंकों का रूप भारतीय अंकों का अंतरराष्ट्रीय स्वरूप (अर्थात 1, 2, 3 आदि) है।
- अनुच्छेद 343(2) के अंतर्गत यह भी व्यवस्था की गई है कि संविधान के लागू होने के समय से 15 वर्ष की अवधि तक, अर्थात् 26 जनवरी, 1965 तक संघ के सभी सरकारी कार्यों के लिए पहले की भांति हिंदी के साथ-साथ अंग्रेजी भाषा का प्रयोग होता रहेगा।
- अनुच्छेद 343 (3) में संसद को यह अधिकार दिया गया कि वह 1965 के बाद भी सरकारी कामकाज में हिंदी के साथ अंग्रेज़ी का प्रयोग जारी रखने के बारे में व्यवस्था कर सकती है।
- अनुच्छेद 344(1) संविधान के लागू होने के पांच साल बाद (1955) प्रथम राजभाषा आयोग का गठन किया गया।
- 344(2) के अनुसार यह आयोग अन्य बातों के साथ-साथ सरकारी कामकाज में हिंदी के क्रमिक प्रयोग के बारे में राष्ट्रपति को अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करेगा ।
- 344(3) आयोग की सिफारिशों पर राय देने के लिए संसदीय राजभाषा समिति का गठन । इस समिति की सिफारिशों के आधार पर ही संसद द्वारा अनुच्छेद 343 की शक्तियों का प्रयोग कर राजभाषा अधिनियम 1963 बनाया गया।
- अनुच्छेद 345 राज्यों को यह अधिकार है कि वे अपने यहां प्रयुक्त किसी एक भाषा या एक से अधिक भाषाओं को अपनी राजभाषा चुन सकते हैं या चाहें तो अंग्रेजी का प्रयोग जारी रख सकते हैं। संविधान की आठवीं अनुसूची में 22 भाषाओं का उल्लेख है।
- अनुच्छेद 346 में संघ और राज्यों के बीच पत्राचार के माध्यम की व्यवस्था संविधान बनाते समय यह भाषा अंग्रेजी थी, लेकिन आपसी राय से राज्य हिंदी का प्रयोग कर सकते हैं।
- अनुच्छेद 347 राष्ट्रपति जी राज्य की मांग के आधार पर किसी भी भाषा को सरकारी काम काज के लिए मान्यता दे सकते हैं।
- अनुच्छेद 348 (1) जब तक संसद कोई दूसरा कानून नहीं बनाती तब तक उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय की सभी कार्यवाहियों अंग्रेजी में होगी।

- अनुच्छेद 348(2) किसी राज्य का राज्यपाल राष्ट्रपति की पूर्वानुमति से अपने राज्य के उच्च न्यायालयों के निर्णयों, आदेशों आदि को छोड़कर शेष सभी कार्रवाइयों के लिए हिंदी या राज्य की राजभाषा का प्रयोग प्राधिकृत कर सकता है।
- अनुच्छेद 348(3) यदि किसी राज्य में विधि के लिए अंग्रेजी को छोड़कर कोई दूसरी भाषा नियत की गई है तो राज्यपाल के प्राधिकार से राज्य के गजट में प्रकाशित विधियों, नियमों आदि का अंग्रेजी अनुवाद उसका प्राधिकृत पाठ होगा।
- अनुच्छेद 349 में यह कहा गया है कि 348 (1) में उल्लिखित भाषा की व्यवस्था में परिवर्तन के लिए राष्ट्रपति की अनुमति प्राप्त करनी अनिवार्य होगी ।
- आवेदन/अभ्यावेदन की भाषा- अनुच्छेद 350 के अनुसार भारत के प्रत्येक नागरिक को यह अधिकार है कि वह अपनी व्यथा के निवारण के संबंध में अपना आवेदन / अभ्यावेदन सरकारी पदाधिकारी के सामने किसी भी भाषा में प्रस्तुत कर सकता है। यह शर्त जरूर है कि अगर आवेदन संघ के पदाधिकारी को लिखा गया है तो संघ में प्रयुक्त भाषाओं में से कोई एक में होना चाहिए और अगर किसी राज्य के अधिकारी को संबोधित है तो उस राज्य में प्रयुक्त भाषाओं में से किसी एक भाषा में होना चाहिए।
- हिंदी भाषा के विकास के लिए निर्देश- अनुच्छेद 351 हिंदी भाषा की प्रसार - वृद्धि और उसका विकास करना, ताकि वह भारत की सामासिक संस्कृति के सभी तत्वों की अभिव्यक्ति का माध्यम हो सके।

**धारा 3(3) के अंतर्गत आने वाले दस्तावेज़**

प्रेस विज्ञप्तियां/Press Release

सामान्य आदेश/General Order

परिपत्र/Circular

प्रशासनिक या अन्य प्रतिवेदन/ Administrative or Other Reports

अनुज्ञा पत्र / Permits

अधिसूचनाएं/Notifications

अनुज्ञप्तियां/License

संसद के समक्ष रखे जाने वाले प्रतिवेदन तथा कागज़ पत्र Reports and documents to be laid before the Parliament

संविदाएं/Contracts

संकल्प/Resolution

नियम/Rule

निविदा प्रारूप/Tender Form

निविदा सूचनाएं/Tender Notices

करार/Agreement


**महत्वपूर्ण आदेश**

- लिफ़ाफ़ों पर पते हिंदी में लिखे जाएं।
- स्टाफ़ कार की प्लेटों पर कार्यालय का नाम हिंदी और अंग्रेजी में लिखा जाए।
- कार्यालय में प्रयुक्त होने वाले सभी मानक मसौदे फार्म हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध करवाए जाएं।
- सम्मेलनों/ बैठकों की कार्यसूची / कार्यवृत हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाएं में तैयार किए जाएं।
- सेवा-पुस्तिकाओं/रजिस्टरों में प्रविष्टियां हिंदी में की जाएं।
- देवनागरी टंकण व आशुलिपि में प्रशिक्षित कर्मचारियों की सेवाओं का समुचित उपयोग।
- वैज्ञानिक और तकनीकी संगोष्ठियों में शोध पत्र हिंदी में प्रस्तुत करने को बढ़ावा देना ।
- टेलीफ़ोन डायरेक्टरी को हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में प्रकाशित करना।
- हिंदी में प्रवीणता प्राप्त अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा अपना मूल कार्य हिंदी में करना।
- वेबसाइट को पूर्णतया हिंदी तथा अंग्रेजी दोनों भाषाओं में तैयार करना और उसे समय-समय पर अद्यतन करना।
- हिंदी पुस्तकों की खरीद पर 50 प्रतिशत व्यय करना ( ई-बुक, संदर्भ ग्रंथ को छोड़कर)
- भर्ती परीक्षाओं में अंग्रेजी के अनिवार्य प्रश्न पत्र को छोड़कर शेष विषयों के प्रश्न पत्र के उत्तर हिंदी में देने की छूट दी जाए। प्रश्न-पत्र हिन्दी तथा अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध करवाए जाएं।
- साक्षात्कार हिन्दी माध्यम से दिए जाने की छूट अनिवार्य रूप से दी जाए। साक्षात्कार हेतु भेजे जाने वाले पत्रों में इसका उल्लेख किया जाए।

सभी कंप्यूटरों पर हिन्दी में कार्य करने की सुविधा उपलब्ध हो, उन पर यूनिकोड प्रणाली में कार्य करने की सुविधा उपलब्ध हो।

कार्यालय प्रमुख की अध्यक्षता में विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक नियमित रूप से प्रत्येक तिमाही में आयोजित की जाए।

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की छमाही बैठकों में कार्यालय के प्रशासनिक प्रमुख अनिवार्य और नियमित रूप से भाग लें।



# रेलटेल दक्षिणी क्षेत्र की विशेष उपलब्धियाँ

जनवरी 2023 से जून 2023

1. स्मार्ट सिटी परियोजना के लिए पुडुचेरी सरकार से प्राधिकरण पत्र प्राप्त हुआ। ऑर्डर का मूल्य 17000 लाख रुपए है।
2. नई दिल्ली और बैंगलोर में "प्रशिक्षण तथा सपोर्ट के साथ आईटी उपकरणों की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग के लिए "सी-डैक" से नया पीओ प्राप्त हुआ, ऑर्डर मूल्य 24370 लाख रुपए है।
3. चेन्नई में कोर और सपोर्ट कार्यों के एंड-टू-एंड कंप्यूटरीकरण को सक्षम करने वाले एकीकृत समाधान के लिए टीएएसएमएसी से नया पीओ प्राप्त हुआ, ऑर्डर मूल्य रु. 24926.69 लाख रुपए है।
4. बेंगलुरु में नेटवर्क सुधार सेवाओं के लिए बीएमआरसीएल बेंगलुरु से नया पीओ प्राप्त हुआ, ऑर्डर मूल्य रु. 6868.27 लाख रुपए है।
5. बैंगलोर में प्रोजेक्ट बिजनेस के लिए बीएमआरसीएल बेंगलुरु से नया पीओ प्राप्त हुआ, ऑर्डर मूल्य रु. 1394.72 लाख रुपए है।
6. सीसीटीवी निगरानी के लिए इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड से नया पीओ प्राप्त हुआ - केरल में 3 यूनिट, ऑर्डर मूल्य रु. 620लाख रुपए है।
7. केरल में सीसीटीवी कार्य - कालीकट बीपी टर्मिनल के लिए इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड से नया पीओ प्राप्त हुआ, ऑर्डर का मूल्य 438.96 लाख रुपए है।
8. केरल में डीसी सह-स्थान +आईबीडब्ल्यू +एमपीएलएस वीपीएन सेवाओं के लिए केरल राज्य आईटी मिशन से नया पीओ प्राप्त हुआ, ऑर्डर मूल्य रु. 231.50 लाख रुपए है।
9. सिकंदराबाद में एएमसी के लिए आंध्र प्रदेश सरकार, जल संसाधन विभाग (एपीडब्ल्यूआरडी) से नवीनीकरण पीओ प्राप्त हुआ, ऑर्डर मूल्य 187 लाख रुपए है।
10. केरल में 90 स्थानों पर वीपीएनओबीबी के लिए ई-हेल्थ पीएमयू का नया पीओ प्राप्त हुआ, ऑर्डर का मूल्य 140 लाख रुपए है।
11. सिकंदराबाद में आईटीडीसी के लिए यात्रा पोर्टल का विकास, होस्टिंग और रखरखाव के लिए आईटीडीसी से नया पीओ प्राप्त हुआ, ऑर्डर का मूल्य 135 लाख रुपए है।
12. चेन्नई में डीएफ रखरखाव के लिए टाटा टेलीसर्विस लिमिटेड से नवीनीकरण पीओ प्राप्त हुआ, ऑर्डर मूल्य 125 लाख रुपए है।
13. सिकंदराबाद में एलएल-1 जीबीपीएस के लिए सीजीपीडीटीएम से अपग्रेडेशन पीओ प्राप्त हुआ, ऑर्डर मूल्य 103 लाख रुपए है।
14. सिकंदराबाद में क्लाउड सेवाओं के लिए सीजीपीडीटीएम से नया पीओ प्राप्त हुआ, ऑर्डर मूल्य रु. 98 लाख रुपए है।

15. **एमपीएलएस और बैकबोन नेटवर्क की क्षमता वृद्धि:** एयरटेल चेन्नई इंटरनेट बैंडविड्थ 50G (100G तक बर्स्टेबल) की अपस्ट्रीम कनेक्टिविटी चालू कर दी गई है।

16. **ई-ऑफिस कार्यान्वयन और रखरखाव:**
सीआर ईऑफिस इंस्टेन्स में 10,000 अधिकारी पदों का थोक अद्यतन हिंदी भाषा में बैक-एंड डेटाबेस से किया गया।

17. **डाटा सेंटर और टीपास बिजनेस:** (रेलवे टीपासइवेंट के अलावा) जनवरी 2023 माह के दौरान 2.35 करोड़ रुपए मूल्य के 4 नए पीओ प्राप्त हुए। प्राप्त पीओ का कुल मूल्य 70.24 करोड़ रुपए है। डीसी व्यवसाय का कुल मूल्य 34.74 करोड़ रुपए प्रति वर्ष है।

18. रेलटेल ने 6 और 7 मार्च 2023 को हाईटेक्स, हैदराबाद में नई प्रौद्योगिकियों पर एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में डिजीपोल-2023 प्रदर्शनी मेंअपनी सेवाओं का प्रदर्शन करने के लिए एक स्टॉल लगाया।एक प्रतिष्ठित प्रदर्शनी जिसमें सभी राज्य पुलिस और रक्षा अधिकारियों ने भाग लिया।




**6 और 7 मार्च 2023 को डिजीपोल-2023 प्रदर्शनी**

19. रेलटेल ने 24 और 25 मार्च 2023 को एसएएसएटी-2023 में अपनी सेवाओं का प्रदर्शन करने के लिए उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद में राष्ट्रीय सम्मेलन में उन्नत प्रौद्योगिकियों में आत्मनिर्भरता के लिए सिस्टम दृष्टिकोण पर एक स्टॉल लगाया।रक्षा मंत्री के वैज्ञानिक सलाहकार डॉ. जी. सतीश रेड्डी जी और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत जी ने हमारे स्टॉलका दौरा किया और उन्हें रेलटेल की सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई।




मानननीय रक्षा मंत्री के वैज्ञानिक सलाहकार डॉ. जी. सतीश रेड्डी जी और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत जी ने हमारे स्टॉल का दौरा किया और उन्हें रेलटेल की सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई

20. रेलटेल दक्षिणी क्षेत्र ने वित्तीय वर्ष 22-23 के लिए वार्षिक ऑडिट को बड़े ही कम समय में सम्पन्न कर लिया है और दिनांक19.04.2023 को वैधानिक लेखा परीक्षकऔर प्रबंधन द्वारा वित्तीय विवरणों पर हस्ताक्षर किए गए ।

21. रेलटेल दक्षिणी क्षेत्र निरंतर विकास के पथ पर है। नवाचार, दक्षता और उत्पादकता के मामले में तेजी से विस्तार की दृष्टि से, कार्यपालक निदेशक/दक्षिणी क्षेत्र ने तीन गुना बेहतर लक्ष्य हासिल करने के लिए मिशन 3X का विचार लॉन्च किया और प्राप्त हुए प्रविष्टियों/विचारों में से 40 प्रविष्टियों को शॉर्टलिस्ट किया गया और विचारों पर चर्चा/मंथन करने के लिए कर्मचारियों को 11-12 मई 2023 को हैदराबाद के प्रगति रिसॉर्ट्स में मिशन 3X कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया।

महाप्रबंधक/टेरिटरी प्रबन्धक और अन्य अधिकारीगणों एवं प्रतिभागियों ने इस पूरे कार्यक्रम को अपने सार्थक प्रयासों से सफल बनाया। साथ ही इस आयोजन में मुख्य सतर्कता अधिकारी/रेलटेल और कार्यकारी निदेशक/वित्त ने शामिल होकर अपने बहुमूल्य विचार साझा किए इसकी शोभा बढ़ाई और सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।











## "ख्वाहिशों ने सिखाया कि मचलना कैसे है
## तो हकीकत ने सिखाया चुप रहकर जीना कैसे है"







22. रेलटेल दक्षिणी क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दिनांक 21-जून-2023 को क्षेत्रीय कार्यालय एवं टेरिटरी कार्यालयों में योग दिवस मनाया गया जिसको कर्मचारियों ने अपनी सहभागिता से सफल बनाया।









रेलटेल/दक्षिण क्षेत्र कार्यालय में योग दिवस का आयोजन दिनांक 21-06-2023





(रेलटेल/चेन्नई कार्यालय में योग दिवस का आयोजन दिनांक 21-06-2023)






(रेलटेल/बेंगलुरु कार्यालय में योग दिवस का आयोजन दिनांक 21-06-2023)






(रेलटेल/बेंगलुरु कार्यालय में योग दिवस का आयोजन दिनांक 21-06-2023)

## रेलवायर ब्रांड प्रमोशन गतिविधियाँ:

रेलवायर ब्रांड के प्रमोशन के लिए तेलंगाना , कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल और आंध्र प्रदेश में एजीएनपी/एएनपी और एमएसपी के साथ 100 से अधिक बैठकों का आयोजन किया गया और 260 से अधिक मार्केटिंग कैम्पेन और 100 से ज्यादा रोड शो का आयोजन किया गया जिनकी कुछ झलकियाँ प्रस्तुत हैं।







सतरंग से संबंधित रेलवायरकी बैठकें-आंध्र प्रदेश










केरल में विपणन गतिविधि: आईपीटीवी लॉन्चिंग और दिवाली उपहार वितरण

> "सिखा देती हैं चलना ठोकरें भी राहगीरों को
> कोई रस्ता सदा दुश्वार हो ऐसा नहीं होता."
>
> *~ निदा फ़ाज़ली*

# कॉर्पोरेट कार्यालय में प्रशासन विभाग की गतिविधियां

## नव वर्ष 2023

नव वर्ष 2023 पर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय का सम्बोधन





## गणतंत्र दिवस 2023




24 जनवरी 2023 को 'हर घर ध्यान' अभियान के तहत एक सत्र का आयोजन



गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय का सम्बोधन

गणतंत्र दिवस समारोह 26.01.2023 को रेलटेल गुरुग्राम कार्यालय में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा ध्वजारोहण किया गया, जिसके बाद कर्मचारियों द्वारा देशभक्तिगीत की प्रस्तुति की गई।







## रेलटेल में पहली बार टीम बिल्डिंग गतिविधियों का आयोजन

कर्मचारियों के बीच सौहार्द, सहयोग एवं समन्वय की भावना को बढ़ावा देने के लिए, रेलटेल कॉर्पोरेट कार्यालय में तैनात कर्मचारियों के लिए टीम बिल्डिंग गतिविधियों का आयोजन "कर्मा लेकलैंड्स"में 11 फरवरी 2023 को कराया गया।







## निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

विश्व कैंसर दिवस (4 फरवरी) के अवसर पर 06.02.2023 को रेलटेल/गुड़गांव कार्यालय में आर्टेमिस अस्पताल गुडगाँव द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया।







## संयुक्त जन्मदिन समारोह का आयोजन

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक/रेलटेल की पहल पर रेलटेल कर्मचारियों का हर महीने संयुक्त जन्मदिन समारोह का आयोजन।





## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2023

रेलटेल की महिला कर्मचारियों के लिए डॉ. सुमित गुप्ता, सहयोगी सलाहकार/त्वचाविज्ञान और सुश्री मुक्ता वशिष्ठ, सलाहकार आहार विशेषज्ञ/सर गंगा राम अस्पताल द्वारा स्वस्थ जीवन के लिए त्वचा देखभाल और पोषण आहार पर एक सत्र आयोजित किया गया।







## होली उत्सव


07.03.2023 को रेलटेल कॉर्पोरेट कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए होली उत्सव का आयोजन किया गया।





## विश्व पर्यावरण दिवस

रेलटेल ने वृक्षारोपण अभियान के साथ विश्व पर्यावरण दिवस मनाया और कर्मचारियों के लिए एक जागरूकता सत्र का आयोजन किया कि कैसे सरल लेकिन प्रभावी दिन-प्रतिदिन की गतिविधियाँ जलवायु परिवर्तन से निपटने में योगदान दे सकती हैं।








## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2023

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2023 की पूर्व संध्या पर, सूक्ष्म क्रिया और टैपिंग योग के बारे में सिखाने के लिए एक योग सत्र आयोजित किया गया था। भारतीय योग संस्थान के क्षेत्रीय अध्यक्ष श्री देवेन्द्र गुप्ता ने सत्र का नेतृत्व किया, जिसमें सभी रेलटेल कर्मचारी शामिल हुए।





21.06.2023 रेलटेल, कॉर्पोरेट कार्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता, जोनल अध्यक्ष, भारतीय योग संस्थान एवं उनकी टीम द्वारा योग अभ्यास करवाया गया। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री संजय कुमार एवं कर्मियों ने सहभागिता की।





## आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी)

दिनांक 27.06.2023 को रेलटेल कॉर्पोरेट कार्यालय की नवगठित आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) की त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान कर्मचारियों के बीच जागरूकता बढ़ाने, प्रशिक्षण और कार्यशालाएं आयोजित करने आदि सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।



## अग्नि सुरक्षा मॉकड्रिल

अग्नि सुरक्षा मॉकड्रिल का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।





## आधुनिक युग में त्वचा संबंधी चिंताओं के लिए जीवन शैली की भूमिका' पर एक व्यावहारिक इंटरैक्टिव सत्र

रेलटेल कर्मचारियों के लिए प्रसिद्ध विशेषज्ञों, डॉ. अमित जरेवाल और डॉ. मोहित भाटिया द्वारा 'आधुनिक युग में त्वचा संबंधी चिंताओं के लिए जीवन शैली की भूमिका' पर एक व्यावहारिक इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किया गया था। प्रतिभागियों को स्किन केयर (SkinCare) के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्राप्त हुई और वे बहुत लाभान्वित हुए।





## अभिनंदन समारोह

श्री यशपाल सिंह तोमर ने 4 जुलाई, 2023 को रेलटेल के नए निदेशक (नेटवर्क प्लानिंग एंड मार्केटिंग) के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। इस पोस्टिंग से पहले, श्री तोमर भारतीय रेलवे के दक्षिणी रेलवे जोन के पलक्कड़ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) के रूप में काम कर रहे थे।



# विदाई समारोह




श्री दिनेश शुक्ला, कार्यकारी निदेशक/सीसी




श्री नवेद तालिब, महाप्रबंधक/यांत्रिक

# मंथन शिविर, चैल हिमाचल प्रदेश

रेलटेल में व्यावसायिक गतिविधियों को बढाने के लिए रेलटेल के अधिकारियों के लिए मंथन शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉर्पोरेट एवं क्षेत्रीय कार्यालयों के अधिकारीगण उपस्थित थे।





# रेलटेल कॉर्पोरेट कार्यालय की राजभाषा गतिविधियां

## राजभाषा पत्रिका 'रेलटेल प्रगति' सातवें अंक का विमोचन





रेलटेल की राजभाषा पत्रिका रेलटेल प्रगति के सातवें अंक का विमोचन करते हुए अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री संजय कुमार एवं अन्य अधिकारीगण

## रेलटेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक





रेलटेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 30 जून 2023 को समाप्त तिमाही की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री संजय कुमार एवं अन्य उपस्थित अधिकारीगण



राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक के दौरान अधिकारियों को राजभाषा की शपथ दिलाते हुए अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक




रेलटेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 31 मार्च 2023 को समाप्त तिमाही की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री संजय कुमार एवं अन्य उपस्थित अधिकारीगण

# रेलटेल गतिविधियों का विमोचन



रेलटेल गतिविधियों के सत्रहवें अंक का विमोचन करते हुए अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एवं अन्य अधिकारीगण



रेलटेल गतिविधियों के अठारहवां अंक का विमोचन करते हुए अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एवं अन्य अधिकारीगण

# संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उपसमित का निरीक्षण



रेलटेल जयपुर टेरिटरी का निरीक्षण



रेलटेल पटना टेरिटरी का निरीक्षण




रेलटेल लखनऊ टेरिटरी का निरीक्षण




रेलटेल बेंगलुरु टेरिटरी का निरीक्षण

# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक एवं पुरस्कार वितरण समारोह






नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, दिल्ली (उपक्रम–1) की छमाही बैठक का आयोजन के दौरान रेलटेल, कॉर्पोरेट कार्यालय, नई दिल्ली को सर्वश्रेष्ठ यह पत्रिका 'रेलटेल प्रगति' को प्रथम पुरस्कार के रूप में शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया और नराकास के तत्वाधान में रेलटेल द्वारा आयोजित हिन्दी निबंध प्रतियोगिता के लिए आयोजित कार्यालय पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया।






## ग़ज़ल

ए दिल चल कहीं, ऐसे ठिकाने ढूँढ़ते हैं
किस्से में हम दोनों हों, वो फसाने ढूँढ़ते हैं।
उकता गए हम दोनों, दुनिया की भीड़ में
चल कहीं मिलकर, ऐसे वीराने ढूँढ़ते हैं।
किसी से तो, दो चार होना ही पड़ेगा
चल कहीं अपने से, वो दीवाने ढूँढ़ते हैं।
वार दें ज़िन्दगी, चाहत पर जो अपनी
चल कहीं ऐसे वो, परवाने ढूँढ़ते हैं
पीकर भी न गिरने दे, जो बेहोश होकर
चल कहीं ऐसे वो, मयखाने ढूँढ़ते हैं
कह कह कर भी जो, कहें न जा सकें
चल कहीं ऐसे वो, अफसाने ढूँढ़ते हैं
गुनगुना सकें जो दोनों, संग संग में अब
चल कहीं ऐसे वो, तराने ढूँढ़ते हैं1

**कमल किशोर ''कमल''**
वरिष्ठ प्रबंधक/बिजली



## माँ का घर

बरसों बीत गए, उस घर से बिदा हुए,
बरसों बीत गए, नई दुनिया बसाए हुए,
फिर भी याद आते है वो पल
जो हमने थे वहाँ बिताए हुए|
रम गई हूँ, इस नई ज़िन्दगी में,
घर, परिवार और बच्चों की ख़ुशी में,
फिर भी जब भी आता है, नाम माँ के घर का
खो जाती हूँ, उस घर की कहानी में |
कुछ पुरानी बातें, कुछ पुरानी यादें,
ज़िंदा है आज भी, वो कही कुछ रिश्ते नाते,
फुरसत में ही सही, कुछ पल के लिए ही सही,
चाहती हूँ जीना फिर से वही ज़िन्दगी,
ये मेरी तमन्ना ही सही |
कितना भी बसा लो अपना घर,
पर याद आता है, माँ का घर,
खुद बन कर भी माँ,
याद आती है सिर्फ अपनी माँ |

**सीमा कालरा**
वरिष्ठ प्रबंधक/कार्मिक व प्रशा.

# रेलटेल, उत्तरी क्षेत्र की गतिविधियां

दिनांक 18 मई 2023 को कार्यपालक निदेशक, उत्तरी क्षेत्र सुश्री विजयलक्ष्मी कौशिक, चेनाब वैली पॉवर प्रोजेक्ट्स प्रा० लि० की संयुक्त प्रबंध निदेशक सुश्री रहिला वानी का पौधा भेंट कर स्वागत करते हुए। बैठक के दौरान दोनों उच्च अधिकारियों के मध्य CVPPL में ई-ऑफिस एवं WAN कनेक्टिविटी मुहैया कराने एवं अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई।





दिनांक 19.07.2023 को हिंदी कार्यशाला के दौरान श्री रणजीत सिंह, हिंदी सलाहकार/दिल्ली मेट्रो द्वारा "कंप्यूटर में हिंदी में टाइपिंग की समस्या एवं समाधान" विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत कंप्यूटर तथा मोबाइल में वायस टाइपिंग के बारे में जानकारी साँझा की।

रेलटेल अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए NIC द्वारा उत्तरी क्षेत्र कार्यालय, नई दिल्ली में दिनांक 12.06.2023 से 16.06.2023 तक 5दिवसीय ई-ऑफिस ट्रेंनिंग का आयोजन किया गया। ट्रेनिंग में 48 अधिकारियों/कर्मचारियों ने भाग लिया। दिनांक15.06.2023 को कार्यपालक निदेशक, उत्तरी क्षेत्र सुश्री विजयलक्ष्मी कौशिक प्रशिक्षुओं को संबोधित करती हुई ।





दिनांक 21 जून 2023 को रेलटेल, उत्तरी क्षेत्रीय कार्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दिव्य ज्योति जागृति संस्थान, नई दिल्ली से आमंत्रित साध्वी तपेश्वरी देवी तथा साध्वी रुचिका भारती, ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अध्यात्मिक योग एवं योग की विभिन्न क्रियाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी । इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक, उत्तरी क्षेत्र सुश्री विजयलक्ष्मी कौशिक ने सभी कार्यपालकों से अपने दैनिक जीवन में नियमित रूप से योग करने का आग्रह किया।






रेलटेल उत्तरी क्षेत्रीय कार्यालय में दिनांक 08 मार्च 2023 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया गया। सभी महिलाओं के दैनिक जीवन, उनके आत्मसम्मान और अधिकारों पर चर्चा की गयी। इस अवसर पर कई प्रकार की गतिविधियाँ आयोजित की गयी।कार्यपालक निदेशक, उत्तरी क्षेत्र सुश्री विजयलक्ष्मी कौशिक ने सभी महिला कर्मियों को उनके दायित्वों एवं कर्तव्यों के बारे में जागरूक किया और उनके साथ परस्पर विचार विमर्श भी किया ।






रेलटेल उत्तरी क्षेत्रीय कार्यालय प्रत्येक तिमाही में राजभाषा प्रगति सम्बन्धी बैठक का आयोजन किया जाता है जिसके अंतर्गत आर ओ कार्यालय के अधिकारी एवं टेरिटरी प्रबंधक (ऑनलाइन/ऑफलाइन) माध्यम से सहभागिता करते है। दिनांक 29 मार्च 2023तथा 30 जून 2023 को कार्यपालक निदेशक महोदया की अध्यक्षता में आयोजित उत्तरी क्षेत्र राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक में सहभागिता करते अधिकारीगण।



29 मार्च 2023



30 जून 2023



# रेलटेल की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहल

## रेलटेल आकांक्षा सुपर 30 देहरादून



रेलटेल आकांक्षा सुपर 30, देहरादून, उत्तराखंड, रेलटेल द्वारा वर्ष 2015 में शुरू की गई एक प्रमुख अनूठी समयबद्ध कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व परियोजना है जिसे दिल्ली स्थित पंजीकृत सोसाइटी द्वारा लागू किया जा रहा है। आकांक्षा सुपर 30 परियोजना का उद्देश्य 30 वंचित लेकिन प्रतिभाशाली छात्रों को कोचिंग, रहने एवं खाने की सुविधा के माध्यम से उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता को मजबूत करके इंजीनियरों के लिए सबसे प्रतिष्ठित परीक्षा आईआईटी/जेईई के लिए तैयारी करवाकर, छात्रों के जीवन को बदलना है। वर्तमान सत्र (2022-23) परियोजना का 8वां चरण है।

इस परियोजना के लिए, लिखित परीक्षा और साक्षात्कार की निष्पक्ष और मेहनती प्रक्रिया के माध्यम से उत्तराखंड के विभिन्न जिलों के स्कूलों से छात्रों का चयन किया जाता है। छात्रों को परीक्षा में अंकों, उनकी वित्तीय स्थिति और सरकारी मानदंडों का पालन करते हुए चुना जाता है। चयनित 30 छात्रों को देहरादून, उत्तराखंड में एक आवासीय परिसर में रखा जाता है और उन्हें मुफ्त आवासीय निवास, भोजन, चिकित्सीय देखभाल, कोचिंग, मार्गदर्शन आदि प्रदान किया जाता है। कार्यक्रम की अवधि आमतौर पर 11 महीने या इंजीनियरिंग प्रवेश के लिए अंतिम परीक्षा आयोजित होने तक होती है।

**परियोजना की विशिष्टता**


- स्मार्ट कक्षा, वैयक्तिकृत कंप्यूटर प्रयोगशाला
- अत्यधिक अनुभवी संकाय सदस्य
- विशेष रूप से डिजाइन पैटर्न प्रूफ अध्ययन सामग्री
- आवधिक परीक्षण, अच्छी तरह से डिजाइन किए गए शैक्षणिक मॉड्यूल
- समर्पित अकादमिक अधिकारी द्वारा प्रत्येक छात्र पर 24x7 व्यक्तिगत ध्यान
- लड़कियों के लिए विश्वस्त और सुरक्षित रहना

2016 से 2022 के बीच परियोजना के लिए नामांकित 207 छात्रों में से आईआईटी और विभिन्न अन्य प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग कॉलेजों से इंजीनियरिंग करने वाले 194 छात्रों के जीवन को बदल दिया है। इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश के लिए परियोजना की सफलता दर 94% और जेईई मेन्स परीक्षा के लिए 98% है।

इंजीनियरिंग में छात्रों के प्रवेश का स्नैपशॉट। कॉलेज (2016-21)

| कालेज का नाम | संख्या |
|---|---|
| आईआईटी कॉलेज या समकक्ष (ग्रुप ए) | 58 |
| एनआईटी कॉलेज या समकक्ष (ग्रुप बी) | 91 |
| अन्य राज्य सरकार के कॉलेज (ग्रुप सी) | 45 |
| **कुल योग** | **194** |

2015-16 के पहले बैच के छात्रों को प्रतिष्ठित विभिन्न कंपनियों में प्लेसमेंट मिला। उनमें से कुछ ने अपना कैरियर कंपनी से शुरू किया और कुछ उच्च शिक्षा के लिए गए। परियोजनाओं के पूर्व छात्र एलएंडटी, टीसीएस, आईबीएम आदि के साथ काम कर रहे हैं।



# कैन-सहयोगी - संजीवनी – देखभाल से परे जीवन

(कैंसर रोगियों को सहयोग)



कैन-सहयोगी जिसे संजीवनी लाइफ बियोंड कैंसर के सहयोग से क्रियान्वित किया जा रहा है, रेलटेल की एक कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहल है, जहां प्रशिक्षित अधिकारी मुख्य रूप से कमजोर वर्गों के कैंसर रोगियों के साथ सुपर स्पेशियलिटी क्षेत्रीय कैंसर हॉस्पिटल्स के सहयोग से काम करते हैं जिन्हें क्षेत्रीय कैंसर केंद्रों के रूप में नामित किया गया है। वर्तमान में यह कार्यक्रम एम्स-ऋषिकेश, उत्तराखंड, पीजीआई-चंडीगढ़, आईजीएमसी शिमला, हिमाचलप्रदेश, एनआरसीएच-दिल्ली और एचएसबीसी-वाराणसी, उत्तर प्रदेश में चलाया जा रहा है।




इस परियोजना के तहत निम्नलिखित सेवाएं प्रदान की जाती हैं:

- रोगियों और उनके रिश्तेदारों को भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और लॉजिस्टिक सहायता प्रदान करना।

- संपूर्ण उपचार प्रक्रिया के माध्यम से रोगियों को मार्गदर्शन देना।
- उपचार के माध्यम से सीमित पारिवारिक सहयोग वाले रोगियों का हाथ थामना।
- रोगियों को पूरे उपचार के साथ-साथ उपचार के बाद भी चिकित्सकीय सलाह का पालन करने के लिए प्रोत्साहित करना।
- रोगियों और डॉक्टरों के बीच बेहतर और सार्थक बातचीत की सुविधा प्रदान करना।
- उपचार के दुष्प्रभावों का प्रबंधन करने के लिए रोगियों को कौशल से सज्जित करना।
- परियोजना में सहायता के रूप में अब तक कुल 30000 से अधिक कैंसर रोगियों को सहयोग प्रदान किया गया है।

**सुश्री रूचिरा चटर्जी**
मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं समूह महाप्रबंधक
(प्रशासन, कॉर्पोरेट समन्वय एवं सुरक्षा)





# बिखरी हुई सी प्रकृति

निखरी हुई सी सुबह,
और बिखरे हुए से हम।
निखरी हुई हर तरफ रोशनी,
और अनमने से बुझे हुए हम।

बिखरी हुई प्रकृति की अनगिनत सौगात,
इधर संकुचित लेकिन अकड़े हुए हम।
बिखरी हुई उदारता, पेड़ो का बड़प्पन,
इधर तंगदिल और संगदिल होते हम।


छिटकी हुई है शीतल मद्धिम चांदनी,
लेकिन उत्तरोत्तर उग्र होते हुए हम।
पसरी हुई है निशा की निस्तब्ध नीरवता,
लेकिन संवेदनहीन से कोलाहल करते हम।

विशाल जंगल का भार धरे,निः शब्द है वीरान पर्वत,
लेकिन अस्थिर से, अकृतज्ञ से, अपशब्दों का अम्बार लगाएं हम।
धीर गंभीर समुन्दर भी है, एक दुनिया अपने में समेटे हुए,
और अपनी अदनी सी जिम्मेदारियों से, बोझिल और परेशां होते हम।

बिखरी हुई है प्रकृति की तमाम इनायतें और इबारतें,
जिनसे जीने का सलीका, फ़लसफ़ा सीख सकतें है हम।
बिखरी हुई है दुनिया में अपार नेमतें, अनेक सौगातें,
जिनको खुद बिखर कर, गहरे उतर कर ही पा सकतें है हम।

तो खूब बिखरो इन पतझड़ के पत्तो की तरह,
इतना बिखरो कि फिर बिखरने का न रहे डर।
और बिखर बिखर के निखर जाए अन्तः मन,
जिससे संवर जाएँ अपना भी और औरों का भी जीवन।

**जगदीश चंद्र गुप्ता**
महाप्रबन्धक/परियोजना, परिचालन एवं अनुरक्षण उत्तरी क्षेत्र



लेख



## व्यवसायों के अनदेखे असरों की पहचान के लिए व्यावसायिक उत्तरदायित्व और स्थिरता रिपोर्टिंग की उपयोगिता

वर्तमान में, व्यापारिक संगठनों को सामाजिक और पार्यावरणिक चुनौतियों का समाधान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होती है। आज जबकि जलवायु परिवर्तन, असमानता और नैतिक मूल्यों के बारे में चिंताएं बढ़ी हैं, ऐसे में व्यावसायिक उत्तरदायित्व और स्थिरता रिपोर्टिंग की अवधारणा का महत्व और भी बढ़ जाता है। चलिए समझते कि ये शब्द क्या मतलब रखते हैं और इनका महत्व क्यों है।

### 1. व्यावसायिक उत्तरदायित्व और स्थिरता रिपोर्टिंग क्या है?

व्यावसायिक उत्तरदायित्व और स्थिरता रिपोर्टिंग एक प्रक्रिया है, जिसमें व्यापार अपने पार्यावरणिक, सामाजिक और शासन कार्यक्षमता के बारे में जानकारी प्रकट करते हैं। इस जानकारी में व्यापार की व्यवस्था, कर्मचारियों के साथ व्यवहार, समुदाय के साथ संवाद आदि जैसी चीजें शामिल हो सकती हैं। इस रिपोर्टिंग के अनुसार व्यापारिक संगठनों सिर्फ पैसे कमाने के लिए ही नहीं हैं, बल्कि दुनिया में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए भी जिम्मेदार हैं।

इसे हम एक उदाहरण स्वरूप इस तरह समझ सकते है कि मान लीजिए कि एक कोई भी कंपनी एक सुपरहीरो की तरह है। जैसे सुपरहीरोज़ में लोगों की मदद करने के लिए विशेष शक्तियाँ होती हैं, व्यापारिक संगठनों के पास भी भलाई करने की शक्ति होती है। व्यापारिक जिम्मेदारी का मतलब है कि ये कंपनियां अपनी शक्तियों को जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करें, अपने कर्मचारियों और ग्राहकों के साथ न्यायपूर्वक व्यवहार करें, अपने व्यापारिक लेनदेन में ईमानदार रहें और पर्यावरण की देखभाल करें।

स्थिरता रिपोर्टिंग कंपनियों के लिए एक रिपोर्ट कार्ड की तरह होती है। यह एक ज़रिया है, यह दिखाने कि वे पृथ्वी की सुरक्षा और दुनिया को बेहतर बनाने में कितने अच्छे हैं। कंपनियां उन बातों के बारे में मापन करती हैं और जानकारी साझा करती हैं, जैसे कि वे कितनी ऊर्जा का उपयोग करती हैं? कितना कचरा उत्पन्न करती हैं? और प्रदूषण को कम करने के लिए वे क्या कर रहीं हैं।

वे यह भी रिपोर्ट करती हैं कि वे अपने कर्मचारियों के साथ कैसे व्यवहार करती हैं? वे अपने समुदायों में कैसे योगदान करती हैं? और वे सभी के साथ न्यायपूर्वक कैसे व्यवहार करती हैं?

## 2. व्यावसायिक उत्तरदायित्व और स्थिरता रिपोर्टिंग क्यों आवश्यक है?

जिस तरह हमें अपने घरों और पड़ोस की देखभाल करनी होती है ठीक उसी तरह कंपनियों की भी ज़िम्मेदारी है कि वो दुनिया की देखभाल करे। जिम्मेदार और सतत रहकर, कंपनियां अनेक जटिल समस्याओं जैसे कि जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और असमानता आदि को हल करने में कारगर साबित हो सकती हैं। वे लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकती हैं और सुनिश्चित कर सकती हैं कि आने वाली पीढ़ी के पास एक स्वस्थ पृथ्वी हो। व्यापार जिम्मेदारी और सतत रिपोर्टिंग (व्यावसायिक उत्तरदायित्व और स्थिरता रिपोर्टिंग) को कंपनियों को एक मार्गदर्शिका की तरह देखना चाहिए , जो कंपनियों को बेहतर सुपरहीरो बनने में मदद करती है। यह उन्हें अपने कार्यों के बारे में पारदर्शिता बनाने, अपनी गलतियों से सीखने और निरंतर सुधार करने को प्रोत्साहन करती है। जब कंपनियां जिम्मेदार और सतत होती हैं, तो वे अपने ग्राहकों के लिए विश्वसनीय बनती जाती है एवं अधिक निवेशकों को आकर्षित करती हैं और हम सभी के लिए एक बेहतर और उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करने में सहयोग करती हैं।

**व्यावसायिक उत्तरदायित्व और स्थिरता रिपोर्टिंग के कुछ मुख्य लाभ निम्न हैं:**

- विश्वास और प्रतिष्ठा: व्यावसायिक उत्तरदायित्व और स्थिरता रिपोर्टिंग ग्राहकों, निवेशकों और समुदायों के बीच विश्वास और विश्वसनीयता को बढ़ाती है। उदाहरण के लिए, जब एक कपड़े का मशहूर ब्रांड जब अपने किए गये प्रयासों को प्रकट (Disclose) करता है कि वह ब्रांड मजदूरों के लिए न्यायसंगत मजदूरी और सुरक्षित काम की स्थिति सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है, तो इससे इसकी नैतिक और जिम्मेदार कंपनी के रूप में प्रतिष्ठा में वृद्धि होती है।
- पर्यावरणीय प्रभाव: स्थिरता प्रथाएँ पर व्यावसायिक उत्तरदायित्व और स्थिरता रिपोर्टिंग करने से कंपनियों को अपने पर्यावरणीय प्रभाव का सामना करने में मदद मिलती है। उदाहरण के लिए, एक ऑटोमोबाइल निर्माता कार्बन उत्सर्जन को कम करने और इलेक्ट्रिक वाहन विकसित करने के अपने पहलों को प्रकट कर सकता है, जिससे यह जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में अपनी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करता है।
- जोखिम प्रबंधन: व्यावसायिक उत्तरदायित्व और स्थिरता रिपोर्टिंग कंपनियों को जोखिमों की पहचान और उनको कम करने में मददगार साबित होती है। उदाहरण के तौर पर, जब एक खाद्य कंपनी अपनी आपूर्ति श्रृंखला के प्रयासों की जानकारी सार्वजनिक रूप से जाहिर करती है, तो वह नैतिक और जिम्मेदार कंपनी के रूप में इसका प्रतिष्ठान बढ़ाती है। इससे बाल मजदूरी और सुरक्षित काम की स्थिति सुनिश्चित करने के लिए उसके प्रयासों का महत्वपूर्ण रूप से प्रदर्शन होता है, जिससे उसकी प्रतिष्ठा, नैतिक और जिम्मेदार कंपनी के रूप में मजबूत होती है।
- निवेशी निर्णय: निवेशकों का ध्यान दिन-प्रतिदिन स्वास्थ्य और सामाजिक कारकों की और बढ़ता जा

रहा है। ऐसे में जब एक नवीनीकरणशील ऊर्जा कंपनी खुले तौर पर अपनी साफ ऊर्जा उत्पादन और कार्बन ऑफसेट पहलों की रिपोर्ट करती है, तो यह सामाजिक दायित्वपूर्ण निवेशकों को आकर्षित करता है जो सतत निवेश के अवसरों की तलाश में होते हैं।

- नवाचार और कुशलता: व्यावसायिक उत्तरदायित्व और स्थिरता रिपोर्टिंग व्यापार आपरेशन में नवाचार और कुशलता को प्रोत्साहित करती है। एक प्रौद्योगिकी कंपनी जो संसाधन खपत को मापती और रिपोर्ट करती है, वह सुधार के लिए क्षेत्रों की पहचान कर सकती है, जिससे लागत में कटौती और पर्यावरणीय प्रभाव को कम किया जा सकता है।
- सामुदायिक सम्बंध: व्यावसायिक उत्तरदायित्व और स्थिरता रिपोर्टिंग कंपनी के समुदाय में योगदान को प्रमुखता देती है। उदाहरण के लिए, एक बैंक जो वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम या दानशील पहलों की रिपोर्ट करता है, वह सामाजिक विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करता है, स्थानीय समुदायों के साथ मजबूत संबंधों को प्रोत्साहित करता है।
- कानूनी अनुपालन: व्यावसायिक उत्तरदायित्व और स्थिरता रिपोर्टिंग कंपनियों को कानूनी आवश्यकताओं और उद्योग मानकों को पूरा करने में मदद करती है। एक फार्मास्यूटिकल कंपनी जो कठोर सुरक्षा नियमों का पालन करने की रिपोर्ट करती है, वह अपने उत्पादों में जनता के विश्वास और स्वास्थ्य नियमों के अनुपालन का आश्वासन पैदा करती है।
- लंबे समय तक सततता: जिम्मेदार और सतत प्रथाएं कंपनियों की लंबे समय तक सफलता में योगदान करती हैं। एक जैविक खाद्य उत्पादक जो अपनी जैविक खेती प्रथाओं और स्थानीय किसानों के समर्थन की रिपोर्ट करता है, वह ग्राहकों की निष्ठा को सुनिश्चित करती है और बाजार में अपनी स्थिति को मजबूत करती है।
- प्रतिस्पर्धा का अवसर: रिपोर्टिंग कंपनियों को उनके प्रतियोगियों से अलग रखती है। जब एक तकनीकी कंपनी अपने इलेक्ट्रॉनिक अपशिष्ट की पुनर्चक्रण और इ-विषाणु प्रदूषण कम करने के प्रयासों को प्रदर्शित करती है, तो यह पर्यावरण जागरूक ग्राहकों को आकर्षित करती है और प्रतिस्पर्धात्मक अवांछना प्राप्त करती है।
- समाज पर सकारात्मक प्रभाव: अंततः, व्यापार जिम्मेदारी और सतत रिपोर्टिंग समाज पर एक सकारात्मक प्रभाव डालती है। एक सामाजिक उद्यम जो शिक्षा या नौकरी के अवसरों के माध्यम से मार्जिनलाइज़ कम्युनिटी को सशक्त करने की रिपोर्ट करता है, वह समाज को समूचे में उच्च करती है।

  व्यापार जिम्मेदारी और सततता अपनाकर, कंपनियों को दुनिया में वास्तविक तरीके से अंतर करने की क्षमता होती है, साथ ही साथ प्रतिष्ठा में सुधार, निवेशकों की रुचि में वृद्धि, और दीर्घकालिक सफलता जैसे लाभ प्राप्त होते हैं।

## 3. व्यावसायिक उत्तरदायित्व और स्थिरता रिपोर्टिंग कि प्रक्रिया:

व्यावसायिक उत्तरदायित्व और स्थिरता रिपोर्टिंग एक

संरचित और पारदर्शी दृष्टिकोण युक्त संगठन के, ईएसजी (ईएसजी (ESG)) प्रदर्शन को प्रकट करने के लिए होती है। इस प्रक्रिया में आमतौर पर निम्नलिखित चरण शामिल होते हैं:

- संगठन के लिए महत्वपूर्ण ईएसजी (ESG) कारकों की पहचान।
- ईएसजी (ESG) सूचकांकों का डेटा संग्रहण और मापन।
- संग्रहित डेटा का विश्लेषण और व्याख्या।
- ईएसजी (ESG) प्रदर्शन की रिपोर्टिंग और प्रकटीकरण, उपयुक्त माध्यमों के माध्यम से।
- ईएसजी (ESG) प्रथाओं की नियमित मॉनिटरिंग और सुधार।

## 4. व्यावसायिक उत्तरदायित्व और स्थिरता रिपोर्टिंग के लिए आवश्यक बिंदु :

व्यावसायिक उत्तरदायित्व और स्थिरता रिपोर्टिंग को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए, संगठनों को निम्नलिखित आवश्यकताओं का ध्यान देना चाहिए:

- रिपोर्टिंग फ्रेमवर्क को समझें: अपने उद्योग के लिए मान्यता प्राप्त रिपोर्टिंग फ्रेमवर्क (रिपोर्टिंग ढांचे) का अध्ययन करें, ताकि रिपोर्टिंग दिशानिर्देशों और सूचकों को समझ सकें।
- महत्वपूर्ण ईएसजी (ESG) कारकों की पहचान करें: संगठन के लिए सबसे महत्वपूर्ण ईएसजी (ESG) मुद्दों की पहचान करें और उन्हें व्यापार के लक्ष्यों और हितधारकों की अपेक्षाओं के साथ संरेखित करें।
- डेटा संग्रहण और मापन प्रक्रिया स्थापित करें: प्रासंगिक ईएसजी (ESG) डेटा को संग्रहित और मापा जाने के लिए प्रणाली विकसित करें, सुनिश्चित करें कि यह सटीकता, संगतता, और पारदर्शिता के साथ हो।
- लक्ष्य और कुंजी कार्यक्षमता सूचकांक (KPIs) निर्धारित करें: मापनीय लक्ष्य और कुंजी कार्यक्षमता सूचकांक (KPIs) को परिभाषित करें, ताकि ईएसजी (ESG) प्रदर्शन में प्रगति को ट्रैक किया जा सके और निरंतर सुधार किया जा सके।
- हितधारकों को संलग्न करें: रिपोर्टिंग प्रक्रिया में प्रमुख हितधारकों को सम्मिलित करें, ताकि उनसे अंतर्दृष्टि प्राप्त की जा सके, चिंताओं का सामना किया जा सके, और पारदर्शिता में सुधार किया जा सके।

## 5. व्यावसायिक उत्तरदायित्व और स्थिरता रिपोर्टिंग दिशानिर्देशों को कैसे लागू करें?

संगठन में व्यावसायिक उत्तरदायित्व और स्थिरता रिपोर्टिंग को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए, निम्नलिखित चरणों का पालन करें:

- एक समर्पित टीम गठित करें: पारस्परिक कार्यक्षमता, वित्त, संचालन और संचार से संबंधित प्रतिनिधियों के साथ एक समर्पित टीम स्थापित करें जो व्यावसायिक उत्तरदायित्व और स्थिरता रिपोर्टिंग प्रक्रिया को निर्देशित करेगी।
- महत्वपूर्णता मूल्यांकन करें: हितधारकों को सम्मिलित करके और उद्योग मानकों के साथ संरेखित होकर संगठन के लिए सबसे महत्वपूर्ण

ईएसजी (ESG) कारकों की पहचान करें।

- रिपोर्टिंग ढांचा विकसित करें: मान्यता प्राप्त दिशानिर्देशों के साथ संरेखित होने और संगठन की विशेष आवश्यकताओं के अनुरूप एक रिपोर्टिंग ढांचा बनाएं।
- डेटा एकत्र करें और विश्लेषण करें: प्रासंगिक ईएसजी (ESG) सूचना इकट्ठा करने के लिए डेटा संग्रहण प्रक्रियाएं लागू करें। डेटा का विश्लेषण करें ताकि प्रदर्शन का मूल्यांकन किया जा सके, प्रवृत्तियों की पहचान हो सके, और मानकों को सेट किया जा सके।
- रिपोर्ट तैयार करें: डेटा को संकलित करें और एक व्यापक रिपोर्ट तैयार करें जिसमें संगठन के ईएसजी (ESG) प्रदर्शन, पहल, लक्ष्य और भविष्य की योजनाएं शामिल हों।
- संचार करें और प्रकट करें: रिपोर्ट को उचित माध्यमों के माध्यम से साझा करें, जैसे कंपनी की वेबसाइट, वार्षिक रिपोर्ट या ईएसजी (ESG) प्लेटफ़ॉर्म, ताकि हितधारकों engage हो और पारदर्शिता प्रदर्शन हो।
- मॉनिटरिंग, सुधार और पुनरावृत्ति करें।

**योगेश सेन**
वरिष्ठ प्रबंधक / विपणन
कॉर्पोरेट कार्यालय




# 21,000 शहरव्यापी एक्सेस नेटवर्क

# रेलटेल/पूर्वी क्षेत्र में आयोजित प्रमुख गतिविधियां

**अ. जनवरी- जून 2023 की अवधि में रेलटेल/ पूर्वी क्षेत्र को प्राप्त नए कार्य आदेश:**

1. 5 साल की अवधि के लिए छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश राज्यों में स्थित 16 एसईसीएल कमांड क्षेत्रों में एमपीएलएस-वीपीएन के 529 नोड्स उपलब्ध करानेके कार्य हेतु साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड से आदेश प्राप्त हुये।खरीद आदेश राशि 157.79 करोड़ रुपए (जीएसटी को छोड़कर)।
2. धरणीधर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, क्योंझर से 100 एमबीपीएस (1:1) इंटरनेट लीज लाइन कनेक्टिविटी का आदेश भी प्राप्त हुआ।खरीद आदेश राशि 25 लाख रुपए (जीएसटी को छोड़कर)।
3. मेट्रो रेलवे और पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे से रेलमंत्री कार्यक्रम के लिए पूर्वी क्षेत्र को नया खरीद आदेश प्राप्त हुआ, संचयी आदेश राशि 32 लाख रुपए (जीएसटी को छोड़कर)।
4. 5 विभिन्न स्थानों पर दक्षिण पूर्व रेलवे से आईपीएएस सेवाओं के लिए भी खरीद आदेश प्राप्त हुआ।संचयी आदेश राशि 16 लाख रुपए (जीएसटी को छोड़कर)।
5. 3 स्थानों- गेवरा, दीपका और कुसमुंडा में 3 साल के लिए 40 एमबीपीएस इंटरनेट लीज लाइन कनेक्टिविटी के लिए साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड से आदेश प्राप्त हुआ।खरीद आदेश राशि 53.1 लाख रुपए (जीएसटी को छोड़कर)।
6. रेलटेल पूर्वी क्षेत्र को लैन नेटवर्क स्थापना के साथ इंटरनेट लीज्ड लाइन कनेक्टिविटी के लिए कालाहांडी विश्वविद्यालय से दो आदेश प्राप्त हुये हैं। संचयी खरीद आदेश धनराशि 21.6 लाख रुपये (जीएसटी को छोड़कर) है।
7. 11 स्थानों पर 4 एमबीपीएस और 2 स्थानों पर 8 एमबीपीएस वीपीएन कनेक्टिविटी हेतु भारतीय स्टेट बैंक से नया क्रय आदेश प्राप्त हुआ। संचयी खरीद आदेश मूल्य रु. 23.3 लाख (जीएसटी को छोड़कर)।
8. MPLS-VPN सेवाओं के लिए पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे से IPAS सेवाओं के लिए क्रय आदेश प्राप्त हुआ। संचयी खरीद आदेश धनराशि 6.6 लाख रुपए (जीएसटी को छोड़कर)।
9. WEBEL से पश्चिम बंगाल स्टेट डाटा सेंटर (WB-SDC), मोनिभंदर और कोलकाता की क्षमता वृद्धि के लिए एक आदेश मिला। यह सबसे प्रतिष्ठित ऑर्डरों में से एक है और रेलटेल में अपनी तरह का पहला ऑर्डर है।खरीद आदेश मूल्य ₹ 98.56 करोड़।
10. कलकत्ता उच्च न्यायालय के LAN नेटवर्किंग के लिए PWD, पश्चिम बंगाल राज्य से एक आदेश प्राप्त हुआ।खरीद आदेश मूल्य ₹ 4.84 करोड़।
11. नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड से वाइड एरिया नेटवर्क (डब्ल्यूएएन) के लिए ऑर्डर मिला।खरीद आदेश मूल्य ₹ 12.09 करोड़।
12. 100 स्थानों पर OPEX मॉडल में SD-WAN के कार्यान्वयन और रखरखाव के लिए ओडिशा ग्राम्य बैंक से एक आदेश प्राप्त हुआ। खरीद आदेश मूल्य ₹ 3.85 करोड़।


13. भारती एयरटेल (असम और पूर्वोत्तर में 6, कांचरापाड़ा, पश्चिम बंगाल में 3 और सीएलडब्ल्यू में 1) से 10 नवनिर्मित स्थलों पर कोलोकेशन सेवाओं के लिए आदेश प्राप्त हुए।संचयी खरीद आदेश मूल्य ₹ 2.85 करोड़।
14. पूर्वी रेलवे, सियालदह मंडल से ओएफसी कनेक्टिविटी के लिए 45 फ्लैग स्टेशनों का आदेश प्राप्त हुआ।खरीद आदेश मूल्य 4.82 करोड़ रुपए।
15. चंचल, मालदा में उनकी करेक्शनल फैसिलिटी में सीसीटीवी निगरानी प्रणाली के लिए पश्चिम बंगाल पुलिस और इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड से खरीद आदेश प्राप्त हुआ। खरीद आदेश धनराशि ₹ 1.18 करोड़।
16. 82 स्थानों पर 100 एमबीपीएस इंटरनेट, वाई-फाई सिस्टम और स्मार्ट क्लास के कार्यान्वयन के लिए बिहार राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड से एक आदेश प्राप्त हुआ। 5 वर्षों के लिए क्रय आदेश की धनराशि 64.5 करोड़ रुपए (जीएसटी को छोड़कर)।
17. क्लाउड आधारित ईमेल और सहयोग समाधान हेतु वेबेल टेक्नोलॉजी लिमिटेड से ऑर्डर मिला। 2 साल के लिए संचयी खरीद आदेश धनराशि 5.96 करोड़ रुपए (जीएसटी को छोड़कर)।
18. कई स्थानों पर TPaaS सेवाओं के लिए विभिन्न रेलवे ज़ोन से खरीद आदेश प्राप्त हुए।संचयी खरीद आदेश राशि 51.94 लाख रुपए (जीएसटी को छोड़कर)।
19. मालतीपतपुर में एन-राउट फाइबर ड्रॉप के लिए GTPL/KCBPL से नया खरीद आदेश भी प्राप्त हुआ।खरीद आदेश की राशि रु. 0.25 लाख /वर्ष।
20. 50 एमबीपीएस रेलनेट कनेक्टिविटी के लिए KMRCL से एक नया खरीद आदेश प्राप्त हुआ।खरीद आदेश राशि रु. 5.88 लाख (जीएसटी को छोड़कर)।
21. ओएसडीसी से राज्य आईटी केंद्र भुवनेश्वर के बीच संरक्षित भूमिगत डार्क फाइबर के माध्यम से 400 जीबीपीएस कनेक्टिविटी पट्टे पर देने के लिए ओसीएसी से एक आदेश प्राप्त हुआ। खरीद आदेश राशि 2.90 करोड़ रुपए (जीएसटी को छोड़कर)।
22. सियालदह डीआरएम कार्यालय में 200 एमबीपीएस से 500 एमबीपीएस तक रेलनेट वीपीएन बैंडविड्थ के उन्नयन के लिए पूर्वी रेलवे से एक नया खरीद आदेश प्राप्त हुआ।खरीद आदेश राशि 37.48 लाख रुपए (जीएसटी को छोड़कर)।
23. सियालदह एफओआईएस रूम से मेट्रो रेलवे के ईस्ट वेस्ट कॉरिडोर के सेंट्रल पार्क डिपो (सीपीडी)/ क्रू कंट्रोल (सीसी) कार्यालय तक 2 एमबीपीएस लीज लाइन कनेक्टिविटी के लिए मेट्रो रेलवे से नया खरीद आदेश भी प्राप्त हुआ।खरीद आदेश राशि रु. 4.07 लाख (जीएसटी को छोड़कर)।
24. BMF/BGB(बोगी मैन्युफैक्चरिंग फैक्ट्री/बज बज) पर 22 एमबीपीएस रेलनेट कनेक्शनके लिए पूर्वी रेलवे से एक आदेश प्राप्त हुआ।खरीद आदेश मूल्य 2.84 लाख रुपए (जीएसटी को छोड़कर)।
25. डीआरएम/धनबाद चैंबर के लिए अतिरिक्त वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सिस्टम (कोडेक के साथ कैमरा) के लिए पूर्व मध्य रेलवे से एक आदेश प्राप्त हुआ।खरीद आदेश मूल्य 2.54 लाख रुपए (जीएसटी को छोड़कर)।

26. कोलकाता उच्च न्यायालय से आदेश प्राप्त हुआ।खरीद आदेश 1 जीबीपीएस इंटरनेट बैंडविड्थ कनेक्टिविटी के लिए है। खरीद आदेश धनराशि प्रति वर्ष 51.73 लाख रुपए (जीएसटी सहित)।
27. रांची उच्च न्यायालय से एक और आदेश मिला। खरीद आदेश 1 जीबीपीएस इंटरनेट बैंडविड्थ कनेक्टिविटी के लिए है। खरीद आदेश धनराशि 30.98 लाख रुपए (जीएसटी सहित)।
28. भारतीय रेलवे से वीआईपी/वीवीआईपी प्रोग्राम के अंतर्गत टीपीएएएस कनेक्टिविटी के लिए 49.8 लाख रुपए (जीएसटी सहित) का संचयी आदेश प्राप्त हुआ है। खरीद आदेश पूर्व तट रेलवे, पूर्व रेलवे, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे और दक्षिण पूर्व रेलवे से प्राप्त हुए है।
29. जीटीपीएल और हैथवे से मार्ग में फाइबर ड्रॉपिंग के साथ डीएफ सेवाओं के लिए खरीद आदेश प्राप्त हुए है। संचयी खरीद आदेश राशि 10.5 लाख रुपए (जीएसटी सहित)।

**आ. जनवरी- जून 2023 की अवधि में रेलटेल/ पूर्वी क्षेत्र द्वारा टीपीएएएस सेवाओं द्वारा माननीय प्रधानमंत्री एवं रेलमंत्री के कार्यक्रम:**

1. माननीय प्रधान मंत्री के लिए वीसी20.01.2023 को TPaaS के माध्यम से गुवाहाटी रंग भवन में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।





2. माननीय प्रधानमंत्री जी के लिए दिनांक 13-04-2023को TPaaS के माध्यम से राजघर मेले से संबंधित वीसी का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।





3. माननीय रेल मंत्री के लिए 30.03.2023 को कटक स्टेशन से भद्रक-नयागढ़ टाउन मेमो ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के संबंध में सफलतापूर्वक वीसी का आयोजन किया।





4. माननीय रेल मंत्री द्वारा दिनांक 23.05.2023 को गेदे में 20 न. ब्रॉडगेज डीजल लोकोमोटिव का सुपुर्दगी समारोह सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।



5. माननीय प्रधानमंत्री के लिए दिनांक 18.05.2023 को पुरी से कोलकाता (हावड़ा) वंदे भारत ट्रेन के उद्घाटन कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।





6. बालासोर (ओडिशा) में दिनांक 21.06.2023 को माननीय प्रधानमंत्री के योग दिवस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।



7. माननीय प्रधानमंत्री द्वारा दिनांक 29.05.2023 को गुवाहाटी-न्यूजलपाईगुड़ी वंदे भारत उद्घाटन ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जिसका सफलतापूर्वक संचालन किया गया।

**इ. रेलटेल/ पूर्वी क्षेत्र में राजभाषा कार्यान्वयन से संबंधित गतिविधियां:**

1. सहायक निदेशक (कार्यान्वयन), क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन कार्यालय, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, कोलकाता द्वारा 22.01.2023 को रेलटेल कोलकाता के क्षेत्रीय कार्यालय का निरीक्षण किया।





2. रेलटेल/पूर्वी क्षेत्र, कोलकाता में 23.03.2023 को एक हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया और मुख्य अतिथि/व्याख्याता श्रीमती अर्पितारॉय, हेड मास्टर, हिंदी शिक्षण योजना, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, कोलकाता थीं। इस कार्यशाला का विषय 'राजभाषा विभाग की हिंदी शिक्षण योजना' था।रेलटेल/पूर्वी क्षेत्र, कोलकाता में 23.03.2023 को कार्यकारी निदेशक/पूर्वी क्षेत्र की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक बैठक भी आयोजित की गई और रेलटेल/पूर्वी क्षेत्र के सभी अधिकारियों द्वारा राजभाषा में काम बढ़ाने पर भी चर्चा की गई।

4. संसदीय राजभाषा समिति की द्वितीय उप समिति ने दिनांक 10.05.2023 को पटना प्रादेशिक कार्यालय का निरीक्षण किया तथा निरीक्षण के दौरान राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों की सराहना की और सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।







5. रेलटेल/पूर्वी क्षेत्र, कोलकाता में 26.06.2023 को एक हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया और मुख्य अतिथि/व्याख्याता श्री नारायण शॉ, मुख्य प्रबंधक (राजभाषा), पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड थे। इस कार्यशाला का विषय 'मानक हिन्दी प्रयोग एवं नए आईटी टूल्स' था।

6. रेलटेल/पूर्वी क्षेत्र, कोलकाता में 27.06.2023 को कार्यकारी निदेशक/पूर्वी क्षेत्र की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक बैठक भी आयोजित की गई।





1. रेलटेल/पूर्वी क्षेत्र में सभी महिला अधिकारियों द्वारा 08.03.2023 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया।



2. रेलटेल/पूर्वी क्षेत्र के नए कार्यालय परिसर का उद्घाटन 24.05.2023 को माननीय अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय द्वारा किया गया, इस अवसर पर निदेशक/पीओएम श्री मनोज टंडन, कार्यकारी निदेशक/पूर्वी क्षेत्र श्री सुरेश कुमार और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।





3. दिनांक 21.06.2023 को रेलटेल/पूर्वी क्षेत्र में सभी अधिकारियों द्वारा भारी उत्साह के साथ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।





# बढ़ता प्रदूषण



प्रदूषण देश ही नहीं बल्कि पूरे विश्व के लिए एक ज्वलंत समस्या का रूप धारण कर चुका है। प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए सभी के योगदान की आवश्यकता होगी।

प्रदूषण हमारे जीवन के उन प्रमुख विषयों में से एक है, जो इस समय हमारी पृथ्वी को व्यापक स्तर पर नकारात्मक रूप से प्रभावित कर रहा है। यह एक ऐसा मुद्दा है जो लंबे समय से चर्चा व चिंता का विषय रहा है तथा 21वीं सदी में इसका हानिकारक प्रभाव बड़े पैमाने पर महसूस किया जा रहा है। हालांकि विभिन्न देशों की सरकारों ने इसके प्रभाव को रोकने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, लेकिन अभी भी इस समस्या के समाधान हेतु एक लंबा रास्ता तय करना बाकी है।

इससे कई प्राकृतिक प्रक्रियाओं में गड़बड़ी आती है। इतना ही नहीं, आज कई वनस्पतियां और जीव-जंतु या तो विलुप्त हो चुके हैं या विलुप्त होने की कगार पर हैं। प्रदूषण की मात्रा में तेजी से वृद्धि के कारण पशु तेजी से न सिर्फ अपना घर खो रहे हैं, बल्कि जीवित रहने लायक प्रकृति को भी खो रहे हैं। प्रदूषण ने दुनिया भर के कई प्रमुख शहरों को प्रभावित किया है। इन प्रदूषित शहरों में से अधिकांश भारत में ही स्थित हैं।

ग्लोबल वार्मिंग - जलवायु परिवर्तन का प्रमुख कारक है। हमारे ग्रह के चारों ओर गर्मी को फंसाने वाले प्रदूषण की परत ही मुख्य कारण है, जो आजकल ग्लोबल वार्मिंग को बढ़ा रही है। जैसे मनुष्य जब जीवाश्म ईंधन जलाते हैं, प्लास्टिक जलाते हैं, वाहन से हानिकारक गैसों का उत्सर्जन होता है, जंगल अधिक स्तर पर जलाए जाते हैं, तो इनसे खतरनाक गैस का उत्सर्जन होता है।

एक बार जब यह गैस पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश कर जाती है, तो अंततः यह पूरे विश्व में फैल जाती है। नतीजतन, गर्मी फिर से उत्सर्जित होने के बाद अगले 50 या 100 सालों तक पृथ्वी के चारों ओर फंस जाती है।

सबसे गंभीर बात यह है कि कार्बन डाइऑक्साइड जैसी हानिकारक गैस का स्तर खतरनाक दर से बढ़ा है। इससे आने वाली पीढ़ी सैकड़ों वर्षों तक ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों को महसूस करेगी।

हालांकि विभिन्न शहरों के अधिकारी प्रदूषण के मुद्दे पर अंकुश लगाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। ऐसे में नागरिकों और आम लोगों का भी यह कर्तव्य है कि वे इस प्रक्रिया में अपना योगदान दें। सभी प्रकार के प्रदूषण को रोकने के कुछ महत्वपूर्ण उपाय निम्नलिखित हैं -

पटाखों का इस्तेमाल बंद करें: जब आप दशहरा, दिवाली या किसी अन्य अवसर पर त्योहार मनाते हैं, तो पटाखों का इस्तेमाल ना करें। यह ध्वनि, मिट्टी के साथ-साथ प्रकाश प्रदूषण का कारण बनता है। साथ ही इसका हमारे स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।

वाहनों का प्रयोग सीमित करें: वाहन प्रदूषण का एक प्रमुख कारण है। वाहनों का प्रयोग कम से कम करें। यदि संभव हो, तो उन्हें व्यक्तिगत उपयोग के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों से बदलने का प्रयास करें। आने-जाने के लिए ज्यादा से ज्यादा सार्वजनिक परिवहन का प्रयोग करें।

अपने आस-पास साफ-सफाई रखें: एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते यह हमारा कर्तव्य होना चाहिए कि हम अपने घर के आस-पास के क्षेत्र को साफ-सुथरा रखें। हमें कचड़ा इधर-उधर फेंकने की बजाय कूड़ेदान में फेकना चाहिए।

रिसाइकल और पुन: उपयोग - कई गैर-बायोडिग्रेडेबल उत्पाद जैसे कि प्लास्टिक से बने दैनिक उपयोग की वस्तुएं हमारे पर्यावरण को नुकसान पहुंचाती हैं। हमें या तो इन्हें ठीक से डिकम्पोज करना होगा या इसे रिसाइक्लिंग के लिए भेजना होगा। आजकल सरकार प्लास्टिक को रिसायकल करने के लिए बहुत सारी योजनाएं चला रही है, जहां नागरिक न केवल अपने प्लास्टिक के कचरे को दान कर सकते हैं, बल्कि अन्य वस्तुओं के बदले में इसका आदान-प्रदान भी कर सकते हैं।

पेड़ लगाएं: कई कारणों से पेड़ों की कटाई जैसे सड़कों का चौड़ीकरण, घर बनाना आदि के कारण विभिन्न प्रकार के प्रदूषण में वृद्धि हुई है। पौधे वातावरण में मौजूद कार्बन मोनोऑक्साइड, कार्बन डाइऑक्साइड आदि जैसे हानिकारक गैसों को अवशोषित करते हैं। चूंकि वे प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया के दौरान ऑक्सीजन छोड़ते हैं, इसलिए हमारे लिए यह महत्वपूर्ण है कि हम अधिक से अधिक मात्रा में पेड़ लगाएं और उनकी देखभाल करें।

प्रदूषण एक ऐसी समस्या है, जिसका हमें जल्द से जल्द समाधान करने की जरूरत है, ताकि मनुष्य व अन्य जीव जन्तु, इस ग्रह पर सुरक्षित रूप से रह सकें। यह महत्वपूर्ण है कि हम इस मुद्दे के समाधान के लिए सुझाए गए उपायों का पालन करें। यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी है कि हम अपने घर को रहने के लिए एक बेहतर जगह बनाएं। पृथ्वी को जीवित रखने के लिए हमें इसे प्रदूषित करना बंद करना होगा।

"आओ मिलकर कसम ये खाये, प्रदुषण को हम दूर भगाये"

**कपिंद्र यादव**
सहायक प्रबंधक (रेलवायर)

# कार्यालय में प्रयोग होने वाले सामान्य अंग्रेजी - हिन्दी वाक्याश

| क्र.स. | अंग्रेज़ी | हिंदी |
|---|---|---|
| 1. | brief note is placed below | संक्षिप्त नोट नीचे है |
| 2. | Acceptable proposal | स्वीकार्य प्रस्ताव |
| 3. | Advance of pay on transfer | स्थानांतरण पर अग्रिम वेतन |
| 4. | Sanctioned as proposed | यथा प्रस्ताव स्वीकृत |
| 5. | Take over charge | कार्यभार ग्रहण करना |
| 6. | Under consideration | विचाराधीन |
| 7. | Please find the attachment | कृपया संलग्नक प्राप्त करें |
| 8. | As per | के अनुसार |
| 9. | As per as possible | यथा संभव |
| 10. | Memorandum of understanding | समझौता ज्ञापन |
| 11. | It is obvious that | यह स्पष्ट है कि |
| 12. | Monetary Limit | मौद्रिक सीमा |
| 13. | You will be pleased to know that | आपको यह जानकर प्रसन्नता होगी कि |
| 14. | Provisional order | अंतिम आदेश |
| 15. | Quick disposal of claim | दावे का शीघ्र निपटान |
| 16. | As modified | यथा आशोधित |
| 17. | As the last resort | अंतिम उपाय के रूप में |
| 18. | Balance at credit | जमा शेष |
| 19. | Best of my knowledge and belief | जहाँ तक मेरी जानकारी और विश्वास है |
| 20. | Bring into notice | ध्यान में लाना |
| 21. | Backward reference | पूर्व संदर्भ |
| 22. | By all means | निस्संदेह, अवश्यमेव |
| 23. | By virtue of | के नाते |
| 24. | In compliance with | का पालन करते हुए, के अनुपालन मे |
| 25. | In confirmation of | की पुष्टि में |
| 26. | Kindly issue circular | कृपया परिपत्र जारी करें |
| 27. | Leave travel assistance | छुट्टी यात्रा सहायता |
| 28. | Necessary provision | आवश्यक व्यवस्था/ प्रावधान |
| 29. | On the advice of | की सलाह पर |
| 30. | On probation | परिवीक्षाधीन |

# कार्यालय में प्रयोग होने वाले सामान्य अंग्रेजी - हिन्दी वाक्याश

| क्र.स. | अंग्रेज़ी | हिंदी |
|---|---|---|
| 1 | Accepted For payment | भुगतान के लिए स्वीकृत |
| 2 | Action has already been taken in the matter | इस मामले में कार्रवाई की जा चुकी है। |
| 3 | Action has not yet been initiated | कार्रवाई अभी शुरू नहीं की गई है। |
| 4 | Action may be taken as proposed. | यथाप्रस्तावित कार्रवाई की जाए। |
| 5 | Administrative approval may be obtained | प्रशासनिक अनुमोदन प्राप्त किया जाए |
| 6 | Application may be rejected. | आवेदन अस्वीकार कर दिया जाए। |
| 7 | As per details below | नीचे लिखे ब्यौरों के अनुसार |
| 8 | Call for an explanation | स्पष्टीकरण मांगा जाए। |
| 9 | Call upon to show cause | कारण बताने को कहा जाए। |
| 10 | Carried forward. | अग्रनीत । |
| 11 | Charge handed over | कार्याभार सौंप दिया । |
| 12 | Competent authority's sanction is necessary. | सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी आवश्यक है |
| 13 | Consolidated report. | समेकित रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। |
| 14 | Day to day administrative work | दैनंदिन प्रशासनिक कार्य । |
| 15 | Deduction at source. | स्त्रोत पर कटौती । |
| 16 | take necessary action./Do the needful. | आवश्यक कार्रवाई करें। |
| 17 | Draft has been amended accordingly | प्रारूप तदनुसार संशोधित कर दिया गया है। |
| 18 | Draft may now be issue | प्रारूप अब जारी कर दिया जाए। |
| 19 | Draft reply is put up for approval | उत्तर का प्रारूप अनुमोदन के लिए प्रस्तुत है। |
| 20 | Draft on the lines suggested above | ऊपर सुझावों के आधार पर उत्तर |
| 21 | Explanation may be called for. | स्पष्टीकरण मांगा जाए। |
| 22 | Follow up action. | अनुवर्ती कार्रवाई |
| 23 | For sympathetic consideration. | सहानुभूतिपूर्ण विचार के लिए |
| 24 | I have the honour to say | सादर निवेदन है। |
| 25 | issue as amended. | यथा संशोधित भेज दें। |

| क्र.स. | अंग्रेज़ी | हिंदी |
|---|---|---|
| 26 | Issue reminder urgently | तुरंत अनुस्मारक भेजें। |
| 27 | Issue today. | आज ही भेजें। |
| 28 | Kindly acknowledge. | कृपया पावती भेजें। |
| 29 | May be informed accordingly. | तदनुसार सूचित कर दिया जाए। |
| 30 | Necessary notification as per draft placed below for approval. | नीचे रखे मसौदे के अनुसार आवश्यक अधिसूचना अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है। |
| 31 | Needful has been done. | जरूरी कार्रवाई कर दी गई है। |
| 32 | No further action is required. | आगे कोई कार्रवाई अपेक्षित नहीं हैं । |
| 33 | Office may note it carefully. | कार्यालय इसे सावधानी से नोट कर लें। |
| 34 | Please circulate and file. | कृपया सभी को वितरण कर फाइल कर दें। |
| 35 | Please see the preceding notes. | कृपया पिछली टिप्पणियां देख लें । |
| 36 | Please speak. | कृपया बात करें। |
| 37 | The case is re-submitted. | मामला फिर से प्रस्तुत किया जाता है। |
| 38 | The proposal is self explanatory. It may be accepted. | प्रस्ताव अपने आप में स्पष्ट है। इसे मान लिया जाए। |
| 39 | The proposal is self explanatory. | प्रस्ताव अपने आप में स्पष्ट है। |
| 40 | The receipt of the letter has been acknowledged. | पत्र की पावती भेज दी गई है। |
| 41 | The required papers are placed below. | अपेक्षित कागज-पत्र नीचे रखे हैं । |
| 42 | We have no remarks to offer. | हमें कोई टिप्पणी नहीं करनी है। |
| 43 | He should report to the branch as soon as he receives this memorandum. | वे इस ज्ञापन के प्राप्त होते ही तुरंत शाखा में ड्यूटी पर आ जाएँ। |
| 44 | We hope that you will not force us to take untoward steps against you. | आशा है, आप हमें कोई अप्रिय कदम उठाने के लिए बाध्य नहीं करेंगे। |

रेलटेल
RAILTEL

आज़ादी का अमृत महोत्सव




**माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी**

ने रेलवे स्टेशनों पर रेलटेल द्वारा उपलब्ध करवाई गई मुफ्त वाई-फाई सेवा

**'स्टेशन वाई-फाई'**

की तारीफ की और साथ ही उन्होंने यह भी बताया

कि कैसे मुफ्त 'स्टेशन वाईफाई' ने छात्रों के कौशल विकास में विशिष्ट तरीकों से मदद की है

## डिजिटल समाधान प्रदान करना




घर पर रहें सुरक्षित रहें
रेलटेल के माध्यम से जुड़े

अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली

## रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड

(भारत सरकार का उपक्रम)

ऑफिस ब्लॉक टॉवर 2, छठा तल, प्लेट–ए, एनबीसीसी बिल्डिंग, पूर्वी किदवई नगर, नई दिल्ली – 110023

वेबसाइट : www.railtelindia.com